# अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली

## गौतमपुरी, सरिता विहार, नई दिल्ली-110076

### निविदा शर्तें

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, गौतमपुरी, सरिता विहार, नई दिल्ली, भारत सरकार आयुष मंत्रालय नई दिल्ली के अधीन है, संस्थान द्वारा Ativisha क्रय करने हेतु ई-निविदा जारी की जाती है जिसके लिये आमंत्रित निविदा की अनुमानित लागत एवं धरोहर राशि उनके सम्मुख अंकितानुसार होगी | जमा धरोहर राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। ई -निविदा सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट एवं संस्थान की वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं और सेंट्रल स्टोर पर रखे गए टेंडर बॉक्स में टेंडर डालकर ऑफलाइन मोड में जमा करना होगा |

| क.सं. | कॉन्ट्रेक्ट का नाम | निविदा अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender for Supply of Ativisha Raw Drugs | 5,20,000.00 | 15,600.00 |

निविदादाताओं द्वारा सी.पी.पी. पोर्टल पर निविदा निम्नलिखित प्रकार से भरी जायेगी - क्र.सं.

| | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | Tender Number | M-16/1/2020-AIIA-Part(1) |
| 2 | Document download start date | 25.08.2022 18:00 |
| 3 | Bid submission start date | 26.08.2022 09:00 |
| 4 | Pre-bid meeting | 01.09.2022 15:00 |
| 5 | Seeking clarification end date | 02.09.2022 18:00 |
| 6 | Bid submission end date | 19.09.2022 15:00 |
| 7 | Bid opening date | 19.09.2022 15:30 |
| 8 | Minimum Validity of tender offer | एक साल |

1. निविदादाता को धरोहर राशि रूपये 15,600.00/- का बैंक ड्राफ्ट निदेशक अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली के नाम प्रेषित करना अनिवार्य होगा , चैक व एफ.डी.आर. मान्य नहीं होगी तथा बिना धरोहर राशि/अपर्याप्त धरोहर राशि के अभाव में प्रारम्भिक रूप से ही निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। धरोहर राशि का डी.डी. एवं कच्ची औषधि का सैम्पल दिनांक 07.09.2022 को 17:00 बजे तक कार्यालय में जमा करवाने होगें।

2. सप्लाई किये जाने वाली औषधि के 03 सील्ड नमूने पृथक्-पृथक् से सील्ड पैकेट/कार्टून में संस्थान में देना अनिवार्य हैं। तथा पैकेट/कार्टून पर " Tender for Supply of Ativisharoot " लिखना अनिवार्य है। औषधि के नमूने पर फर्म का नाम , औषधि का नाम, निविदा में अंकित अंकित करना अनिवार्य है, साथ ही हस्ताक्षर एवं फर्म की मोहर लगाना भी अनिवार्य हैं, अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

3. निविदा की फाईनेन्सियल एवं टेक्नीकल बिड पृथक्-पृथक् होगी। फाईनेन्सियल बिड में आमंत्रित की गई निविदा की दरें होगी तथा टेक्नीकल बिड में निविदा में चाहे गये वांछित दस्तावेज होगें|

4. निविदादाता द्वारा टेक्नीकल बिड में फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, जीएसटी चुकता प्रमाण पत्र, आयकर चुकता प्रमाण पत्र, फर्म को ब्लेकलिस्ट ना होने का शपथ पत्र, फर्म का कार्य अनुभव, तथा पिछले 3 वर्षों में फर्म के टर्नऑवर का प्रमाण पत्र इत्यादि से सम्बन्धित दस्तावेज प्रस्तुत करने होगें

5. निविदादाता फर्म को नॉन ज्यूडिसीयल स्टाम्प पर यह प्रमाण पत्र देना होगा कि फर्म केन्द्र सरकार, किसी भी राज्य सरकार या इसके अधीन किसी संस्था में ब्लेक लिस्ट नहीं किया गया है। उक्त कथन असत्य होने पर निदेशक द्वारा निविदा फर्म को निरस्त करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

6. निविदा में दरें डेसीमल में मान्य नहीं होगी तथा अंको एवं शब्दों में लिखी दरों में भिन्नता होने पर शब्दों में लिखी दरें मान्य होगी।

7. प्राप्त निविदा की पहले टेक्नीकल बिड संस्थान क्रय समिति के समक्ष दिनांक 19.09.2022 को 15:30 बजे खोली जावेगी। टेक्नीकल बिड में सफल निविदादाताओं की ही फाईनेन्सियल बिड खोली जावेगी तथा असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् लौटा दी जावेगी।

8. फाईनेन्सियल बिड में सफल निविदादाताओं द्वारा निविदा में स्वीकृत दर के मूल्य का 3 प्रतिशत सिक्यूरिटी राशि का डी.डी. जो कि एक साल तक वैध होंगी, निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, गौतमपुरी, सरिता विहार, नई दिल्ली के नाम से जमा करवाना अनिवार्य होगा एवं रुपये 100/-के नॉनज्यूडिसियल स्टैम्प पैपर पर निविदा में निर्धारित अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करना होगा

9. निविदा में निविदादाता द्वारा में दी गयी दरे एक साल तक मान्य होंगी | निविदा में स्वीकृत दर की प्रभावशीलता समाप्त होने एवं दिये गये आदेश की सप्लाई पूर्ण होने पर सिक्योरिटी राशि लौटाई जायेगी।

10. निविदादाता द्वारा शर्तो के अधीन आपूर्ति नही की जाती है, तो उसकी जमाधरोहर/सिक्योरिटी राशि को जब्त कर लिया जावेगा। निविदादाता द्वारा निविदा की किसी भी शर्त का उल्लंघन करने की अवस्था में संस्थान को निविदादाता की धरोहर/सिक्योरिटी राशि जब्त करने का अधिकार होगा एवं इससे भी शर्त के

उल्लंघन से हुई हानि की पूर्ति नही होने पर शेष हानि की पूर्ति निविदादाता की चल-अचल सम्पत्ति से की जावेगी। फर्म की कोई भी शर्त मान्य नहीं होगी|

11. फर्म द्वारा प्रस्तुत बिल में से नियमानुसार टी.डी.एस. राशि काटी जायेगी, जिसके लिये फर्म को निविदा के साथ पेन कार्ड की कॉपी संलग्न करनी होगी।

12. सफल निविदादाताओं को औषधियाँ माप, तौल तथा क्वालिटी के आधार पर मय समस्त कर व ड्यूटी के एफ.ओ.आर. संस्थान को देनी होगी।

13. निविदादाताओं द्वारा प्रस्तुत किये गये नमूनों का एवं माल की आपूर्ति के समय आवश्यकता के अनुसार औषधियों का परीक्षण भी करवाया जा सकता है। संस्थान द्वारा टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर निर्णयलिया जावेगा जो सभी फर्मो को मान्य होगा।

14. न्यूनतम दर होने के आधार पर सामान क्रय करने के लिये या दर स्वीकृत करने के लिये संस्थान बाध्य नही होगा। किसी निविदादाता द्वारा प्रस्तुत औषध नमूना अमान्य होने पर निविदादाता द्वारा उस औषधि की Tender में प्रस्तावित दर न्यूनतम होने पर भी विचार नहीं किया जावेगा। संस्थान द्वारा अनुमोदित किये गये नमूनों की दर ही मान्य होगी। यदि किसी औषधी की न्यनतम दर एक से अधिक फर्म की आती है तो ऐसी स्थिति में फर्मों का टर्नओवर कार्य अनभव तथा केन्द्रीय एवं राज्य सरकारों एवं सरकारी उपक्रमों में सप्लाई करने का अनुभव इत्यादि देखा जाकर न्यूनतम दर तय की जावेगी। कच्ची औषधि प्रस्तुत किये गये नमूनों के अनुसार नहीं होने पर स्वीकार नहीं की जायेगी।

15. औषधि प्रस्तुत किये गये नमूने के अनुसार नहीं होने पर अमान्य कर दिया जावेगा जिसे आपूर्तिकर्ता द्वारा संस्थान परिसर से 1 सप्ताह स्वयं के व्यय पर हटा जाने की स्थिति में उसका माल जब्त कर लिया जावेगा एवं व्यापारी का इस संबंध में किसी प्रकार का क्लेम मान्य नहीं होगा । अमान्य माल के खोने एवं कम होने की जिम्मेदारी संस्थान की नही होगी।

16. प्रत्येक आपूर्तिकर्ता व्यापारी औषधि की पैकिंग जूट से बनी नई बोरियों में ही करें, नियमानुसार प्लास्टिक बारदाने का इस्तेमाल नहीं करें तथा औषधि भेजते समय प्रत्येक पैकिंग नग (बोरी) पर टैग लगाया जाकर टैग पर फर्म का नाम, औषधि का नाम, मात्रा एवं सप्लाई वर्ष अनिवार्य रूप से अंकित करें।

17. आदेशित माल की सप्लाई रविवार एवं सरकारी अवकाश के अलावा अन्य कार्य दिवस में कार्यालय समय में करनी होगी।

18. क्रय किये जाने वाले माल की मात्रा एवं लागत अनुमानित है जिसे आवश्यकतानुसार 25% घटाया-बढ़ाया जा सकता है । अतः निविदा में अंकित राशि की सम्पूर्ण खरीद के लिये संस्थान बाध्य नही होगा तथा इस संबंध में निविदादाता का कोई तर्क स्वीकार नही होगा ।

19. प्राप्त निविदा को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से बिना कोई कारण बताये अस्वीकृत या रद्द करने का अधिकार संस्थान निदेशक को होगा।

20. निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता को हस्ताक्षर (मय मोहर) करने होगें।

21. संस्थान को सामान की सप्लाई करते समय रास्ते में होने वाली टूट-फूट या हानि की जिम्मेदारी संबंधित फर्म की होगी।

22. आवश्यतानुसार वस्तु की मात्रा को 25% कम या अधिक करने का अधिकार निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, दिल्ली को होगा। क्रय आदेश में अंकित निर्धारित अवधि में सामान सप्लाई करना होगा। निर्धारित अवधि के पश्चात् सप्लाई करने पर संस्थान माल लेने के लिये बाध्य नही होगा तथा यदि कोई हानि होती है तो उसका भुगतान दोषी फर्म से वसूला जावेगा।

23. विलम्ब से माल सप्लाई करने पर संस्थान को माल स्वीकृत करने या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा । विशेष परिस्थितियों में फर्म के अनुरोध पर सप्लाई की अवधी बढाने का अधिकार निदेशक , अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली को होगा। फर्म द्वारा विलम्ब से सप्लाई किये गये सामान के स्वीकृत होने की स्थिति पर निम्न प्रकार लिक्विडिटी डेमेजेज का भुगतान करने के लिये फर्म बाध्य होगी:

(अ) 7 दिवस तक विलम्ब पर कीमत का 5 प्रतिशत ।

(ब) 7 दिवस से अधिक अधिकतम 1 माह तक विलम्ब पर कीमत का 10 प्रतिशत ।

(स) आपूर्तिकर्ता द्वारा पेनल्टी की अवधि समाप्त होने तक माल की आपूर्ति नहीं किये जाने की स्थिति में संस्थान द्वारा द्वितीय न्यूनतम दर/बाजार से माल क्रय कर लिया जावेगा एवं मूल्य का अन्तर आपूर्तिकर्ता फर्म से वसूल किया जावेगा तथा 10 प्रतिशत शास्ती पृथक से वसूली जावेगी या फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया जायेगा।

24. फर्म की कोई भी शर्त मान्य नहीं होगी । यदि फर्म की ओर से निविदा शर्तों में कोई परिवर्तन या पालन नही किया जाता है तो निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली को अमानत/सिक्यूरिटी राशि जब्त करने का अधिकार होगा।

a. फर्म आदि के गठन में किसी भी परिवर्तन की सूचना निदेशक , राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को लिखित में निविदादाता द्वारा दी जाएगी तथा इस परिवर्तन से संविदा के अधीन किसी भी दायित्व से फर्म के पहले के सदस्य/सदस्यों को मुक्त नहीं किया जाएगा।

b. संविदा के सम्बन्ध में फर्म के किसी भी भागीदार/भागीदारों को निविदादाता द्वारा फर्म में तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा

25. जब तक कि इसकी समस्त शर्तों को मानने के लिए लिखित रूप से बाध्य नहीं हो जाते एवं निदेशक , राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को इस सम्बन्ध में लिखित स्वीकृति पत्र (Affidavit) प्रस्तुत नहीं कर देते। प्राप्ति स्वीकृति के लिए ठेकेदार की रसीद या बाद में उपरोक्त रूप से स्वीकार की गई किसी भागीदार की रसीद उन सबको बाध्य करेगी तथा संविदा के किसी प्रयोजन के लिए वह पर्याप्त रूप से उन्मुक्ति (डिस्चार्ज) होगी ।

26. संस्थान द्वारा दिये गये क्रय आदेश की दिनांक से 30 दिवस की अवधि में आयुर्वेदिक औषध की आपूर्ति आवश्यक रूप से की जावें अन्यथा नियमानुसार कटौती/पैनल्टी निविदा शर्तों के अनुसार की जावेंगी ।

27. वस्तु /औषध मूल्य पर पृथक से मांग किए जाने वाले करों की दर स्पष्ट रूप से दरों के साथ उल्लेख की जावें ।

28. भुगतान की प्राप्ति औषधि की स्वीकृति के बाद 4 से 6 सप्ताह के भीतर किया जाएगा | AIIA समय पर भुगतान जारी करने के लिए प्रयास करेगी। भुगतान जारी करने में कोई ब्याज नहीं कटा जायेगा| भुगतान जारी करने में देरी के मामले में भुगतान किया गया। औषध मूल्य की लागत के लिए कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा |

29. सभी विवादों के निपटारें हेतु न्याय क्षेत्र नई दिल्ली होगा |

संयुक्त निदेशक (प्रशासन)

मैनें /हमने उपरोक्त समस्त शर्तों को ध्यानपूर्वक पढकर अच्छी तरह समझ लिया हैं तथा समस्त शर्तों की पालना हेतु बाध्य हूँ/हैं |

हस्ताक्षर

निविदादाता

(निविदा की समस्त शर्तों स्वीकार करने के प्रमाण-स्वरूप)

**Annexure-A**

## रसायनशाला, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान,

## नई दिल्ली -110076

सत्र २०२२-२०२३ के निविदा हेतु कच्ची औषधि की सूची

| क्रम सं | औषधि का नाम (Drug Name) | Botanical Name | प्रयोज्य अंग (Part Use) | आवश्यक मात्रा (किलो) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अतिविषा (Ativisha) | Aaconitum heterophyllum | Root | 52 kg |

प्रस्तुत किये गए नमूने की संख्या.........................................

हस्ताक्षर निविदादाता

फर्म का नाम ........................................

पता..................................................

(रबड़ की मुहर लगाए)

**Annexure-B**

**UNDERTAKING**

(To be submitted on Rs. 100/- non-judicial stamp paper)

I________________________ (Name of authorized signatory) the tender signatory hereby declare

and affirm that I have gone through the terms and conditions governing the tender and undertake
to comply with all terms and conditions.

1. I/We hereby certify that M/s___________________ are that the rates quoted are valid and binding upon me for the entire period of contract.
2. The rates quoted are not the higher than quoted for any other Govt. Institutions.
3. All the certificates/permissions/documents/Permits/ Affidavits are valid and current as on date and have not seen withdrawn/cancelled by issuing authority.
4. That I / We authorize Director, AIIA to forfeit the performance security deposited by me/us if any delay or failure to supply the article within the stipulated time and items of desired / quality quoted.
5. That I shall ensure supply of Good Quality Medicines and if found to be of not to desire quality, I shall replace the same promptly without any cost.
6. That there is no vigilance / CBI case or court case pending against the firm, debarring my firm to supply of items quoted.
7. That I hereby undertake to supply the items as per directions given in supply order within stipulated period.
8. That I shall promptly and without any costs replace any damaged / broken medicines supplied by me.
9. I have been informed that the Director, AIIA has the right to accept or reject any or all the tenders without assigning any reason thereof.

**Signature and address of the Tenderer**

फर्म का नाम:……………………….

**पताः**…………………………….

……………………..

<u>ई-निविदा प्रपत्र</u>

विषय : निविदा जिस कार्य/वस्तु के लिये दिया जा रहा है उसका नाम : आयुर्वेदिक कच्ची औषधियों की आपूर्ति हेतु निविदा {Tender for Supply of Ativisha Root}

2.

निविदादाता का पूरा नाम : ............

प्रेषित अधिकारी/कार्यालय का नाम : निदेशक, गौतमपुरी, सरिता विहार, नई दिल्ली

आयकर व जी एस टी चुकता प्रमाण पत्र संलग्न है/नही है ।

धरोहर राशि .............. रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट नम्बर दिनांक ........... के द्वारा निदेशक, गौतमपुरी, सरिता विहार, नई दिल्ली में जमा करा दी है ।

मैं/हम निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न शर्तो को स्वीकार करते है और इससे बाध्य रहेगें ।

स्थानः

दिनांक:

निविदादाता के हस्ताक्षर

(सूचक मय रबड़ स्टाम्प)